Press Release dated 08 August 2024

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्री के० रवि कुमार ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने राज्य के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु औपचारिकताएँ पूर्ण की।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज समन्वक, आदिवासी महासभा श्री देव कुमार धान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर आदिवासियों के भूमि के अवैध हस्तांतरण संबंधी एक ज्ञापन समर्पित किया। शिष्टमंडल ने विशेषकर कांके अंचल के मोजा चामा में अवैध रूप से हस्तांतरित 50 आदिवासी भूमि के ब्योरे तथा क्रय करने वाले राज्य सरकार के गैर आदिवासी पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। राज्यपाल महोदय द्वारा सीएनटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत उपायुक्त के स्तर से स्वयं कार्रवाई किये जाने के संबंध में निदेशित किया गया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में उग्रवादियों द्वारा द्वारा आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए सीआरपीएफ कोबरा जवान जितेन्द्र दानी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने हेतु राज अस्पताल, रांची पहुंचे। उन्होंने वहाँ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।